# सांसद, विधायक श्रद्धांजलि देने चितहरा पहुंचे

## सभी ने माना सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी थे पूर्व विधायक गणेश बारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. चित्रकूट विधानसभा के पूर्व विधायक गणेश बारी का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।**

रविवार को सतना लोकसभा सांसद गणेश सिंह एव विधायक सतना सिद्धार्थ सिंह कुशवाहा ने उनके पैतृक गांव चितहरा पहुंचे पर श्रद्धांजलि दी। यहां उन्होंने दिवंगत गणेश बारी के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। सांसद ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी।





सांसद गणेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि दिवंगत गणेश बारी एक सच्चे जननेता थे। चित्रकूट से वे केवल एक बार ही विधायक रहे, लेकिन जनता से उनका लगाव हमेशा अटूट रहा। उन्होंने बताया कि गणेश बारी जन समस्याओं को लेकर उनसे लगातार संपर्क में रहते थे। किसी भी मुद्दे पर वे कभी पीछे नहीं हटते थे। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय था। सांसद ने कहा वे कभी जनसेवा से विमुख नहीं हुए। उनकी सादगी और जन-सम्पर्क की शैली युवा नेताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। गणेश बारी का निधन न केवल चित्रकूट बल्कि सतना संसदीय क्षेत्र के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

स्थानीय स्तर पर उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधायक काल के बाद भी जनता उनके पास समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचती रहती थी। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और ब?ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# स्कूलों में ही बनेंगे और अपडेट होंगे आधार कार्ड

## अलग से आपरेटर चयनित

नवभारत न्यूज

**सतना 29 मार्च. राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए श्विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वारश् शिविर का अगला चरण एक अप्रैल से शुरू किया जा रहा है।**

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। यह कार्यक्रम 18 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 के बीच दो चरणों में आयोजित किया जा चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिला था। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट को पूर्ण करने के उद्देश्य से श्विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वारश् अभियान का अगला चरण प्रारंभ किया जा रहा है।

### 500 से अधिक ऑपरेटर्स का किया गया है चयन

आधार शिविरों के कुशल संचालन के लिए लगभग 500 से अधिक ऑपरेटर्स का चयन किया गया है। इसके साथ ही इस सबंध में शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित भी किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक करें और इसके लिए एक रोस्टर बनाएं। स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। जिसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आइरिस स्केन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है जब बच्चा 15 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर नि:शुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होता है।

# मैहर पुलिस ने जब्त किया अवैध शराब का जखीरा

## एक गिरफ्तार, एक फरार





नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. मैहर पुलिस ने अवैध शराब दुकान पर दबिश देकर 30 पेटी से अधिक गोवा, देसी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। मौके से तस्कर रिंकू बर्मन को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य सप्लायर संतोष सिंह फरार हो गया। पुलिस मामले में धारा 34 आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना कर रही है।**

पुलिस के अनुसार अभी मात्र ज़ब्ती के आधार पर प्रथम सूचना दर्ज की गई है। अवैध शराब धारक की गिरफ्तारी हुई है। स्त्रोत या अन्य कड़ियां विवेचना का विषय हैं। पुलिस के अनुसार 29.03.2026 को जरिये मुखबिर के मैहर पुलिस को सूचना मिली कि चंडीगंज कटरा मोहल्ले का रिंकू वर्मन अपने घर के अंदर अवैध शराब का जखीरा बिक्री की नीयत से भंडारण किया है जिसकी सूचना पर मैहर कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर मुखबिर सूचना की तस्दीक करते हुये रेड कार्यवाही की गई तो रिंकू वर्मन के घर के अंदर वाले कमरे से कागज के 35 कार्टूनों मे 1010 पाव, 165 बोतल, 48 हाफ क्वार्टर मैकडावल, 8 क्रू गोवा, बैगपाइपर, आफीसर च्वाइस, मैजिक मूमेंट, वोडका एवं रम अलग अलग ब्रांड की देशी अंग्रेजी शराब कुल शराब 323 वल्क लीटर एवं 12 कार्टून में 188 बोतल किंगफिसर, बटवाइजर, अल्ट्रा, लेमाउंट कंपनी की कुल 148 लीटर वियर जव्त कर आरोपी रिंकू वर्मन पिता गोविन्द प्रसाद वर्मन उम्र 34 वर्ष निवासी चंडीगंज कटरा मोहल्ला थाना मैहर जिला मैहर को धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण कायम किया गया है। आरोपी के पास से प्राप्त अवैध शराब की प्राप्ति स्त्रोतों के संबंध मे विस्तृत जांच की जा रही है। पूर्व से तस्करी मे लिप्त है आरोपी- इसके पूर्व भी आरोपी रिंकू वर्मन के विरुद्ध करीबन दर्जन भर अवैध शराब, अवैध जुंआ एवं रंगदारी वसूलने के प्रकरण पंजीबद्ध है।

### मौके से जब्त शराब

35 कागज के कार्टून मे कुल 323 वल्क लीटर मैकडावल, 8क्रू गोवा, बैगपाइपर, आफीसर च्वाइस, मैजिक मूमेंट, वोडका एवं रम अलग अलग ब्रांड की देशी अंग्रेजी शराब एवं 12 कार्टून मे किंगफिसर, बटवाइजर, अल्ट्रा, लेमाउंट कंपनी की कुल 148 लीटर वियर कुल कीमती करीबन 04 लाख 50 हजार रुपये।

# जाइंट्स ग्रुप ऑफ सतना का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. जाइंट्स ग्रुप ऑफ सतना का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामयी उपस्थित में होटल प्रिय निवास रीवा रोड में संपन्न हुआ।**

जाइंट्स ग्रुप ऑ? सतना सेवा हमरा धर्म सेवा हमरा कर्म के उदेश्य के साथ सतना जिले में सेवा कार्य निरंतर नौ (9)वर्षों से करती आ रही है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मथुरा से पधारे जाइंट्स फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष एस पी चतुर्वेदी, समारोह कि अध्यक्षता कटनी से पधारी जाइंट्स फेडरेशन की अध्यक्ष श्रीमती दीपिका शर्मा ने कि। शपथ अधिकारी बसंत शर्मा श्रीमती मीनाक्षी नेमा को जाइंट्स ग्रुप ऑफ सतना कि अध्यक्ष की शपथ पूर्ण करने के पश्चात अन्य पदों के साथ नविन सदस्यो को भी शपथ के साथ जाइंट्स परिवार में शामिल करया।



# सरदार एकता यात्रा के सतना पहुंचने पर कुर्मी समाज ने की आगवानी

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग नामों से निवासरत वैचारिक समाजों को एक सूत्र में संगठित करने के उद्देश्य से निकाली गई सरदार एकता यात्रा रविवार को सतना जिले पहुंची।**

यात्रा रामनगर होते हुए अमरपाटन व मैहर में मंचीय कार्यक्रमों के बाद सतना पहुंची, जहां जगह-जगह भव्य स्वागत व पुष्प वर्षा के साथ सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान की चर्चा की गई। सरदार एकता यात्रा के साथ चल रहे गुजरात के पदाधिकारियों ने सरदार पटेल के जीवन से जु? समस्त पहलुओं पर लोगों को अवगत कराया। यात्रा के रथ पर सरदार पटेल द्वारा उपयोग की गई सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया, जिसने स्थानीय जनता को लौह पुरुष के सख्त फैसलों व अखंड भारत बनाने की प्रक्रिया से जोड़.



### यात्रा ने जिले में कोरवारा से किया प्रवेश

यात्रा सतना जिले के प्रवेश द्वार कोरवारा पहुंची, जहां क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों ने आरती, कलश व पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। विशाल जनसैलाब के साथ यात्रा उचेहरा पहुंची, जहां इचौल रगला बौली चौराहा पर भव्य स्वागत कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात यात्रा सतना पहुंची। यहां सतना नदी किनारे आरती उतारकर नगर प्रवेश कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान यात्रा नजीराबाद, सिटी कोतवाली, पन्नीलाल चौक होते हुए अम्बेडकर चौक व सेमरिया चौराहा पहुंची।

# दवा प्रतिनिधि 1 अप्रैल को मनाएंगे काला दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. दवा प्रतिनिधियों की आम सभा का आयोजन स्थानीय महामाया होटल में आयोजित किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि एम पी एम एस आर यू के प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजय सिंह तोमर एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष कॉम सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे।**

इस सभा का संचालन सतना इकाई के अध्यक्ष कॉम राकेश सिंह परिहार ने किया एवं इकाई सचिव कॉम जितेंद्र मिश्रा ने दवा प्रतिनिधियों पर हो रहे लगातार हमले के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं कैडिला, हिमालया,जुपिटर, कोरोना दवा कंपनियों द्वारा अपने कामगारों को किस तरह से प्रताड़ित कर रही है उसकी जानकारी दी। राज्य उपाध्यक्ष कॉम सौरभ मिश्रा ने अपने उद्बोधन में 13 से 15 फरवरी तक भुवनेश्वर में हुई जनरल काउंसिल मीटिंग में मुख्य 9 बिंदुओं पर चर्चा की जिसमें डेमोक्रेटिक मूवमेंट, मेडिसिन,काउंसिल,लेबर, संबंधित मुद्दों के साथ महिला दवा प्रतिनिधियों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि एफ एम आर ए आई ही देश की इकलौती संस्था है जो जनहित के मुद्दों पर लड़ती आई है जिसने आवश्यक दवाओं पर जी इस टी घटाने की मांग की और 18त्न से 5त्न पर लाने में सफलता हासिल की।





# विश्व रंगमंच दिवस पर संगीत और नाट्य प्रस्तुति से सजी सांस्कृतिक संध्या

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर स्थानीय स्तर पर एक भव्य एवं श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर संगीत एवं रंगमंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।**

कार्यक्रम का आयोजन प्राप्त्याशा लोक एवं संस्कृति प्रवर्तन समिति ककलपुर द्वारा शांति मंगल भवन में किया गया, जिसका उद्देश्य रंगमंच की महत्ता को जन-जन तक पहुँचाना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इसके पश्चात कलाकारों ने एकल एवं समूह गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। लोकधुनों पर आधारित गायन ने विशेष रूप से दर्शकों को आकर्षित किया।

सभी सहयोगियों में निर्देशक अजय दाहिया, एवं सहयोगी कलाकार उमा पाण्डेय, अनामिका पाण्डेय, दीपक विश्वकर्मा, दिव्या पाण्डेय, प्राची विश्वकर्मा, हिमांशु कुशवाहा, रामजी विश्वकर्मा, अमर केवट, किशन दाहिया, मानसी पाण्डेय इत्यादि रहे।

### एक नजर में



### जल संरक्षण के लिए लीनेस क्लब विंध्य की पहल

**सतना।** जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए क्लब द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने शहर में विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण से जुड़े पोस्टर तैयार कर लगाए तथा लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के दौरान क्लब अध्यक्ष ने जल है तो कल है जैसे प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से आम नागरिकों को जल की महत्ता समझाई। सचिव काजल श्रीवास्तव ने लोगों से अपील की कि वे रोजमर्रा की जिंदगी में पानी की बर्बादी रोकें तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाएं। इस पहल को स्थानीय नागरिकों ने भी सराहा और इसे समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 30 से

**सतना।** शहर के हनुमान नगर नईबस्ती क्षेत्र में 30 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास के रूप में पं. विनोद कृष्ण जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन, मथुरा) भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजनकर्ता कसौधन वैश्य समाज के पूर्व अध्यक्ष केशरी प्रसाद गुप्ता एवं गुप्ता परिवार द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च, सोमवार को सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक कथा पाठ एवं सायं 4 बजे से कथा प्रवचन आयोजित होंगे।





### प्रगति सेवा एवं शिक्षा संस्थान का हुआ शुभारंभ

**सतना।** प्रगति सेवा एवं शिक्षा संस्थान का शुभारंभ दिनांक 27 मार्च 2026 को बड़े स्थान सोहावल के पूज्य गुरु जी के श्री कर कमलों द्वारा, आचार्य राम सलोने राघव के सानिध्य में संस्थान का उद्घाटन आकाश गंगा नगर, पतेरी, में किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद बाल कृष्णा शुक्ला जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हमारे बीच बड़े भाई अतुल शुक्ला, अमित गर्ग, आनंद पाण्डेय,शुभम गौतम, अनिकेत ऊरमालिया, दीपक पाण्डेय, ऋषभ परिहार, आयुष परिहार, आदित्य बागरी, आयुष पांडेय, प्रतीक ऊरमलिया,विजय बागरी,रजनीश खरे, सिद्धार्थ परिहार, अच्युत पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्य करने वाले उपस्थित रहे।

### भारतीय सिंधू सभा ने किया स्वागत

**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वाधान में श्री रामनवमी शोभा यात्रा के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा सतना शाखा संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी के नेतृत्व में महावीर भवन के पास कमल सलेक्शन के सामने पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत- वंदन- अभिनंदन किया गया। इंद्रधनुषी रंगों से सजी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की जीवंत झांकी का संस्था पदाधिकारियों द्वारा पुष्प वर्षा करके माल्यार्पण करते हुए प्रभु श्री राम की भव्य एवं दिव्य आरती ली गई। तत्पश्चात श्री रामनवमी शोभा यात्रा में सम्मिलित अनेकता में एकता की प्रतीक विभिन्न प्रेरक झाकियों का पुष्प वर्षा से हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हुए हृदय भावविभोर होकर प्रफुल्लित हो रहा था।

### भाजपा के 5 मण्डलो में प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**सतना, 29 मार्च.** भाजपा के नागौद, जसो, सिंहपुर, सेमरवारा एवं बाबूपुर मण्डल के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 2026 का समापन रविवार को किया गया अलग-अलग स्थानो पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मे प्रत्येक मण्डल से ब?ी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रशिक्षित होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

# निषाद जयंती पर दिया संस्कृति और मर्यादा का संदेश

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. माझी समाज के आराध्य देव महाराज गुहराज निषादराज की जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में सतना सांसद गणेश सिंह शामिल हुए।**

कार्यक्रम का आयोजन तमसा तट स्थित जवारिन घाट पर किया गया, जहां ब?ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने सबसे पहले उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तमसा तट का यह स्थल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। यहां स्थित जवारिन घाट को लोग भगवान जवारिन नाथ के नाम से जानते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में लोग पैदल या बैलगा?ी से लंबी दूरी तय कर यहां पहुंचते थे और नदी के उतरने पर ही पार कर पाते थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से यह स्थान और अधिक पवित्र हो जाता है। आज देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है और यह समझने की कोशिश कर रही है कि सफल जीवन किस संस्कृति के साथ चलने से संभव है। सांसद ने भगवान श्रीराम के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि त्रेता युग में उन्होंने जो आदर्श प्रस्तुत किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं।



# मन की बात का 132वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. वार्ड क्रमांक 25 के बूथ क्रमांक 131 में वर्षा प्रहलाद सिंह के निवास पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 132वां एपिसोड सामूहिक रूप से देखा* और सुना गया।**

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर योगेश ताम्रकार सहित प्रहलाद सिंह, श्याम लाल गुप्ता (श्यामू), राजेश सोनी, बसंती, राधा कुशवाहा, आयुष्मान पांडेय, डेटाराम सोनी, सरोज, अभय दुबेदी, डॉ. अंकिता तिवारी एवं विनीता शर्मा सुनीता तिवारी जान्हवी पांडेय उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एपिसोड में साझा किए गए विषयों पर चर्चा की। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि मन की बात देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रभावी मंच है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के विकास से जुड़ी प्रेरक कहानियां और नवाचारों को प्रोत्साहन मिलता है।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 31 को

**सतना 29 मार्च.** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एण्ड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 31 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' भाजपा कार्यालय में सुनी गई

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सतना में रविवार भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की विशेष मौजूदगी मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 132 क?ी का प्रसारण कार्यकर्ताओं ने लाइव प्रोजेक्टर पर देखा और सुना।**

इसके अतिरिक्त म.प्र. शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, गणेश सिंह, विधायक नागेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह एवं महापौर योगेश ताम्रकार ने विभिन्न बूथो पर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इस कार्यक्रम को जिले के सभी 1522 बूथो पर सुना गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर अस्थिरता और ऊर्जा संकट, पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए इसे चुनौतीपूर्ण समय बताया। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल को लेकर संकट की स्थिति बन रही है लेकिन देश की जनता को चिंता करने की आवश्यकता है। युवा शक्ति और माय भारत संगठन भारत को दुनिया का सबसे युवा देश बताते हुए उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

# विश्व शांति के लिए श्वेताम्बर जैन ट्रस्ट ने किया शांति पाठ

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 मार्च. पूरे विश्व में जगह-जगह पर हो रहे युद्ध और मानव हानि को रोकने के लिए श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट सतना द्वारा रविवार 29 मार्च को उपाश्रय जी ( श्री आदिनाथ जिनालय, गाँधी चौक ) में शांति पाठ का आयोजन किया गया।**

श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि श्री संघ में 9 दिन के आयम्बिल तप भी प्रारंभ है जिसका की रविवार को पांचवा दिन था और रविवार के दिन 50 श्रावक - श्रविकाओं ने आयम्बिल तप किया। आयम्बिल तप में दिन में सिर्फ एक बार उबला,बिना नमक मिर्च मसाले का खाना सेवन करना होता है इसके अतिरिक्त पूरे दिन में अन्न का एक भी दाना नहीं लिया जाता है। आज शान्ति पाठ मे संघ के अध्यक्ष दीपक वोरा, कीर्ति कामदार, हर्षद मेहता, संदीप कुमार जैन,गुणवन्त शाह,संजय वोरा, नरेंद्र शाह, ईश्वरलाल शाह प्रफुल्ल शाह सुरेश दोषी, सुरेश वोरा,कपिल शाह, अमित शाह, तरुण जैन बब्बू,कांता बेन वोरा, कुसम शाह, भारती वोरा, ख्याति शाह, मीरा पटेल सहित समाजजन उपस्थित रहे।

